पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-10 वृहस्पतिवार, दिनांक- 10 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अप० तक

[1] प्रश्नोत्तरकाल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 11 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न क्रम सं०-159 के उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(iv) 57 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं श्री कन्हैया कुमार द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन से की गयी ।

[3] अन्य चर्चाएँ :-

कार्यस्थगन की सूचना अमान्य किए जाने के बाद माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा रोहतास की घटना पर सरकार से वक्तव्य की मांग की गई ।

माननीय मंत्री संसदीय कार्य विभाग ने सरकार की ओर से इस विषय पर वक्तव्य दिए जाने की बात कही गई । लेकिन भाजपा के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से बार-बार अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

समय- 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[4] <u>वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद विवाद एवं मतदान</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह द्वारा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

''इस अवसर पर राजद के माननीय सदस्यगण सदन में विषय से भिन्न अपनी बात रखना चाहते थे, परन्तु समय नहीं मिलने पर सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा पथ निर्माण विभाग के अनुदान की मांग पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :

(i) श्री प्रदीप कुमार

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरि नारायण सिंह द्वारा आसन ग्रहण किया गया ।)

(ii) श्री प्रमोद कुमार
(iii) मो० आफाक आलम
(iv) श्री सत्यदेव सिंह
(v) श्री प्रेम रंजन पटेल
(vi) श्री अवधेश राय
(vii) श्री जनक सिंह
(viii) श्री रत्नेश सादा
(ix) श्री कन्हैया कुमार
(x) डा० अरूण कुमार
(xi) श्री राम सूरत राय

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 22 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक 11 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक 10.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।